एशियिन गेम्स- 2023

स्रोत: इंडियिन एक्सप्रेस

हाल ही में 19वें एशियाई खेल- 2022 (वर्ष 2023 में आयोजति) चीन के **हांगझू ओलंपकि स्पोर्ट्स सेंटर स्टेडयिम** (जसि **बगि लोटस** भी कहा जाता है) में संपन्न हुए। हॉकी खलिाड़ी पी.आर. श्रीजेश एथलीटों की परेड में भारत के ध्वजवाहक थे।

- **20वें एशियाई खेल** वर्ष **2027 में जापान** में आयोजति कयि जायेंगे।

एशियाई खेल 2023 की मुख्य वशिषताएँ:

- **भारत की उपलब्धयिाँ:**
  - **भारत की पदक तालकिा:**
    - **107 पदकों** (**28 स्वर्ण, 38 रजत** और **41 कांस्य**) की अभूतपूर्व उपलब्धि के साथ भारत ने **पीपुल्स रपिब्लकि ऑफ चाइना के हांगझू** में 2023 के एशियाई खेलों में एक नया मानदंड स्थापति कयिा।
      - जकार्ता में वर्ष **2018 के एशियाई खेलों** में भारत ने बेहतर प्रदर्शन कयिा था और **16 स्वर्ण पदक** सहति **70 पदक** जीते थे।
    - **एशियाई खेलों के इतिहास में** यह **पहली बार** था कि **भारत की पदक संख्या तीन अंकों के आँकड़े को पार कर गई**। भारत **चीन (383), जापान (188)** और **कोरयिा गणराज्य (190)** के बाद एशियाई खेलों के एक ही संस्करण में 100 या अधकि पदक जीतने वाला **एकमात्र चौथा देश** बन चुका है।
  - **एथलीटों का प्रदर्शन:**
    - **सबसे अधकि पदक** जीतने वाला खेल एथलेटक्सि था, जसिमें **6 स्वर्ण, 14 रजत और 9 काँस्य समेत कुल 29 पदक** जीते गये।
  - **हॉकी:**
    - **भारत की पुरुष हॉकी टीम ने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता** तथा जापान को 5-1 से पराजति कर पेरसि ओलंपकि में अपना स्थान सुरक्षति कयिा।
- **नये खेलों का आगमन:**
  - 2023 एशियाई खेलों में ई-स्पोर्ट्स और ब्रेकडांसगि दो नए खेलों की शुरुआत की गई।
  - इनके अतरिक्ति **क्रकिेट** तथा **गो, जयिांगकी एवं शतरंज जैसे बोर्ड गेम** जो 2018 एशियाड में शामलि नहीं कयि गये थे, वर्ष 2023 एशियाई खेलों में पुनः उनकी वापसी की गई।

Medal Standings

The 19th Asian Games Hangzhou

Rank	Team/NOC				Total
1	People's Republic of China	201	111	71	383
2	Japan	52	67	69	188
3	Republic of Korea	42	59	89	190
4	India	28	38	41	107
5	Uzbekistan	22	18	31	71
6	Chinese Taipei	19	20	28	67
7	Islamic Republic of Iran	13	21	20	54
8	Thailand	12	14	32	58
9	Bahrain	12	3	5	20
10	Democratic People's Republic of Korea	11	18	10	39
11	Kazakhstan	10	22	48	80
12	Hong Kong, China	8	16	29	53

*Last Updated: Oct.8

杭州第19届亚运会
The 19th Asian Games

In case of ties, NOCs are sorted alphabetically by NOC Code

एशियाई खेल:

- **परिचय:**
  - इसे [अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति]द्वारा मान्यता प्राप्त है।
  - एशियाई खेल **एशिया की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता** है। इन्हें प्रत्येक चार वर्ष में एक बार आयोजित किया जाता है। एशियाई खेलों का प्रतीक चिन्ह **उगते हुए सूरज के साथ एक-दूसरे से जुड़े हुए छल्ले** हैं।
- **पृष्ठभूमि एवं शुरुआत:**
  - कई एशियाई देशों ने [द्वितीय विश्व युद्ध] के बाद स्वतंत्रता प्राप्त की तथा भारतीय **अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति** ने एशियाई खेलों के आयोजन का **प्रस्ताव** रखा ताकि सभी एशियाई देशों का प्रतिनिधित्व किया जा सके।
  - पहला **एशियाई खेल वर्ष 1951 में नई दिल्ली** में आयोजित किया गया था।
- **विनियमन:**
  - **एशियाई खेल महासंघ** ने **वर्ष 1951 से 1978** तक एशियाई खेलों के विनियमन का कार्य **किया**। **वर्ष 1982 से** एशियाई खेलों के **विनियमन** का कार्यभार **एशियाई ओलंपिक परिषद** द्वारा किया जाने लगा।
- **मेज़बान के रूप में भारत**:
  - भारत **एशियाई खेलों के संस्थापक सदस्यों में से** एक है और **पहले एशियाई खेलों की मेज़बानी** भी भारत ने ही की थी।
  - एशियाई खेलों का 9वाँ संस्करण **नवंबर और दिसंबर 1982 में नई दिल्ली में आयोजित** किया गया था।
  - **अप्पू (भारतीय हाथी)** एशियाई खेलों के लिये इस्तेमाल किया जाने वाला पहला शुभंकर था।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

??????????:

प्रश्न. 32वें ग्रीष्मकालीन ओलंपिक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2021)

1. इस ओलंपिक का आधिकारिक आदर्श वाक्य 'एक नई दुनिया (अ न्यू वर्ल्ड)' है।
2. इस ओलंपिक में स्पोर्ट क्लाइंबिंग, सर्फिंग, स्केटबोर्डिंग, कराटे और बेसबॉल शामिल हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

उत्तर: (b)

प्रश्न. वर्ष 2000 में स्थापित लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2021)

1. इस पुरस्कार के प्रथम विजेता अमेरिकी गोल्फर टाइगर वुड्स थे।
2. यह पुरस्कार अधिकांश 'फॉर्मूला वन' खिलाड़ियों द्वारा प्राप्त किया गया है।
3. यह पुरस्कार रोज़र फेडरर को दूसरों की तुलना में सबसे अधिक बार प्राप्त हुआ है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन से सही हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

उत्तर: (c)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/asian-games-2023-1